दिनांक 02 अप्रैल 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाईनगर/ स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा 23 अप्रैल को शत्-प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को जागृत करने एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से रथ तैयार कर आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी ने हरी झण्डी दिखाकर मतदाता जागरुकता रथ को रवाना किया।

आयुक्त ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित आनंद के निर्देशानुसार 23 अप्रैल को आम चुनाव 2019 में शत्-प्रतिशत मतदान संभव हो इस उद्देश्य को लेकर निगम द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत निगम द्वारा तैयार प्रचार रथ को रवाना किया गया है जिसके माध्यम से सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में मतदाता जागरुकता हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से प्रचार किया जायेगा , साथ ही निगम क्षेत्र के व्यस्तम सड़कों के दोनों किनारे बाजार, एवं व्यवसायिक परिसर के आसपास होर्डिग्स लगाकर भी लोगो को जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है। स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी पी 0सी0 सार्वा ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुक्त के निर्देश पर निगम क्षेत्र के नेहरु नगर भेलवा तालाब , फिल्टर प्लांट , नेहरु नगर चौक , निगम मुख्यालय सुपेला , सुपेला घड़ी चौक , नंदनी रोड, चन्द्रा मौर्या, आजाद मार्केट रिसाली, खुर्सीपार, आदि क्षेत्रों में होर्डिग्स लगाकर लोगों को मतदान के लिए जागरुक किया जा रहा है।

जनसम्पर्क अधिकारी

''जल है तो कल है'' ''जल ही जीवन है''

''वोट डालने जाना है- 23 अप्रैल को अपना फर्ज निभाना है''